न्यायालय जिला कलक्टर, बारां (राजस्थान)

पीठासीन अधिकारी— श्री नरेन्द्र गुप्ता आई०ए०एस०

प्रकरण संख्या— 20 / 2022

बउनवान

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् बारां जिला—बारां (प्रार्थी)

बनाम

श्री जगदीश प्रसाद बैरागी डीलर, ग्राम पंचायत खैराली, पंचायत समिति बारां तहसील बारां जिला बारां (राज0) (अप्रार्थी)

न्यायालय जिला कलेक्टर बारां (राज०)

प्रार्थनापत्र जनमॉग वसूली अधिनियम, 1952 के तहत

उपस्थिति :—1. श्री रूपचन्द सिंघावत अभिभाषक (प्रार्थी)

आदेश दिनांक— 28.06.2023

1— प्रार्थी की ओर से जर्ये अभिभाषक जनमॉग वसूली अधिनियम,1952 के तहत प्रार्थनापत्र विरूद्व अप्रार्थी इस आशय का प्रस्तुत किया कि अप्रार्थी द्वारा ग्राम पंचायत खैराली, पंचायत समिति बारां राष्ट्रीय पोषाहार सहायता पोषाहार कार्यक्रम के अन्तर्गत 20 क्विंटल 60 कि.ग्रा. 400 ग्राम गेंहू गबन किये जाने पर राशि 14856 / — रूपये वसूल किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। प्रार्थी द्वारा रिक्वीजेशन प्रपत्र I प्रस्तुत करने पर दिनांक 19.12.2008 को प्रपत्र—2 धारा—4 के तहत जारी किया गया है।

2— प्रार्थना पत्र पेश होने पर जनमांग वसूली अधिनियम—1952 के तहत नियमानुसार दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को धारा—6 के तहत नोटिस जारी किया जाकर, धारा—4 का प्रमाण पत्र संलग्न कर तलब किया गया।

जिला कलक्टर बारां (राज०)

3— अप्रार्थी बावजूद सूचना लगातार अनुपस्थित रहने पर प्रकरण में एकपक्षीय बहस अभिभाषक प्रार्थी की सुनकर गुणावगुण के आधार पर प्रकरण का निस्तारण करने का विनिश्चय किया गया।

4— हमने एकपक्षीय बहस प्रार्थी प्रतिनिधि की सुनी। दौराने बहस प्रार्थी अभिभाषक ने प्रार्थना पत्र [illegible] हुए कथन किया कि अप्रार्थी द्वारा राष्ट्रीय पोषाहार सहायता कार्यक[illegible]न्तर्गत किये गये विशेष अंकेक्षण में 20 क्विंटल 60 कि.ग्रा. 400 [illegible] प्रार्थी के स्तर से कई बार नोटिस जारी किये [illegible] द्वारा राशि 14856 / — रूपये जमा नहीं करवाने पर प्रकरण प्रस्तुत किया [illegible] है। अतः प्रार्थी का प्र[illegible]त्र स्वीकार किया जाकर, अप्रार्थी के विरूद्व उक्त रा[illegible] वसूल करने हेतु आ[illegible]रित किये जावे।

Signature Not Verified
Digitally signed by Narendra Gupta
Date: 2023.08.04 11:12:59 IST
Reason: SelfAttested

5— हमने एकपक्षीय बहस प्रार्थी प्रतिनिधि पर मनन किया। सम्पूर्ण पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया। पंचायत समितियों में संचालित राष्ट्रीय पोषाहार सहायता कार्यक्रम की नवम्बर 1995 से नवम्बर 1997 की अवधि की विशेष अंकेक्षण दल द्वारा की गई जांच में हेण्डलिंग एजेन्टों द्वारा प्रस्तुत प्राप्ति रसीदों से अप्रार्थी डीलर द्वारा प्रस्तुत पोषाहार कूपनों के आधार पर प्राप्त किये गये गेंहू की मात्रा में से समायोजन पश्चात शेष गेंहू की मात्रा के आधार पर वसूली योग्य राशि 14856/— रूपये निकाली गई है।

6— अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाता है। अप्रार्थी जगदीश प्रसाद बैरागी डीलर, ग्राम पंचायत खैराली, पंचायत समिति बारां तहसील बारां जिला बारां से राजस्थान जनमॉग वसूली अधिनियम, 1952 के तहत राशि 14856/—रूपये मय 13 प्रतिशत ब्याज एवं 10 प्रतिशत कलेक्शन चार्जेज सहित वसूल किये जाने के आदेश पारित किये जाते है। अप्रार्थी से उक्त राशि वसूल करने हेतु आदेश की प्रमाणित प्रति मय प्रमाणपत्र धारा—4 मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, बारां एवं जिला राजस्व लेखाकार, बारां को भिजवायी जावे।

आदेश आज दिनांक 28.06.2023 को सरे इजलास लिखाया जाकर सुनाया गया।

(नरेन्द्र गुप्ता)
जिला कलेक्टर, बारां

जिला कलेक्टर बारां (राज०)

कार्यालय जिला कलेक्टर बारां (राज०)

Signature Not Verified

Digitally signed by Narendra Gupta
Date: 2023.08.04 11:12:59 IST
Reason: SelfAttested